समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# FIFA World Cup 2026 का आगाज : 48 टीमों के साथ शुरू हुआ अब तक का सबसे बड़ा फुटबॉल महाकुंभ, जाने पूंरा शेड्यूल

Sanket Morankar

Published on 13 Jun 2026




दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट **FIFA World Cup 2026** का आगाज हो चुका है। इस बार का विश्व कप कई मायनों में ऐतिहासिक है। पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी तीन देशों—United States, Mexico और Canada—द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही है। साथ ही पहली बार विश्व कप में 32 की जगह 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

इस विस्तार के कारण टूर्नामेंट पहले से कहीं अधिक बड़ा और रोमांचक हो गया है। कुल 12 समूहों में विभाजित 48 टीमें विश्व फुटबॉल के सबसे प्रतिष्ठित खिताब के लिए मुकाबला कर रही हैं। ग्रुप स्टेज में कुल 72 मैच खेले जाएंगे, जबकि पूरे टूर्नामेंट में फाइनल सहित 104 मुकाबले आयोजित होंगे।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया, जबकि मेजबान देशों के अलावा ब्राजील, अर्जेंटीना, फ्रांस, इंग्लैंड, स्पेन, जर्मनी और पुर्तगाल जैसी दिग्गज टीमें भी खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं।

### प्रमुख मुकाबले जिन पर रहेगी नजर

- ब्राजील बनाम मोरक्को – 14 जून
- जर्मनी बनाम कुराकाओ – 14 जून
- स्पेन बनाम केप वर्डे – 15 जून
- फ्रांस बनाम सेनेगल – 17 जून
- अर्जेंटीना बनाम अल्जीरिया – 17 जून
- पुर्तगाल बनाम डीआर कांगो – 17 जून
- इंग्लैंड बनाम क्रोएशिया – 18 जून

- ब्राजील बनाम हैती – 20 जून
- अर्जेंटीना बनाम ऑस्ट्रिया – 22 जून
- इंग्लैंड बनाम घाना – 24 जून
- उरुग्वे बनाम स्पेन – 27 जून
- कोलंबिया बनाम पुर्तगाल – 28 जून

### नॉकआउट चरण का कार्यक्रम

- **राउंड ऑफ 32:** 28 जून – 3 जुलाई
- **राउंड ऑफ 16:** 4 जुलाई – 7 जुलाई
- **क्वार्टर फाइनल :** 9 जुलाई – 11 जुलाई
- **सेमीफाइनल :** 14 जुलाई – 15 जुलाई
- **तीसरे स्थान का मुकाबला :** 18 जुलाई, मियामी
- **फाइनल :** 19 जुलाई, मेटलाइफ स्टेडियम, न्यूयॉर्क

### इस विश्व कप की खास बाते ं

इस बार का विश्व कप कई रिकॉर्ड अपने नाम कर रहा है। पहली बार 48 टीमों की भागीदारी से अधिक देशों को विश्व मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। साथ ही 16 अलग-अलग शहरों में मुकाबलों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे फुटबॉल का उत्साह पूरे उत्तरी अमेरिका में देखने को मिलेगा।

फुटबॉल प्रेमियों की नजरें अब उन स्टार खिलाड़ियों पर टिकी हैं जो अपनी टीमों को विश्व चैंपियन बनाने का सपना पूरा करना चाहते हैं। अगले एक महीने तक दुनिया भर के करोड़ों प्रशंसकों को रोमांच, रिकॉर्ड और यादगार मुकाबलों का शानदार अनुभव मिलने वाला है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.